# व्यापारी के साथ हुई मारपीट, आक्रोशित हुआ महासंघ

## शमशाबाद पुलिस पर लगाए आरोप, एसपी से कार्यवाही की मांग



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 24 दिसम्बर, शमशाबाद में एक व्यापारी के साथ हुई मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया है. पहले जहां शमशाबाद के व्यापारी और व्यापार महासंघ गुस्से में आया तो अब पिटने वाले व्यापारी के साथ विदिशा व्यापार महासंघ भी आ गया है.**

महासंघ का साफ साफ कहना है कि थाना प्रभारी और मारपीट करने वाले पुलिसकर्मिया पर को सस्पेंड किया जाए. व्यापार महासंघ ने चेतावनी दी है कि जब तक कार्यवाही नहीं होती तब तक व्यापारियों का आंदोलन जारी रहेगा.बुधवार को शमशाबाद व्यापार महासंघ और विदिशा व्यापार महासंघ के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां एसपी के नाम शिकायत आवेदन देते हुए थाना प्रभारी और मारपीट करने वाले पुलिस कमियों पर कार्यवाही की मांग की है.शमशाबाद व्यापार महासंघ और विदिशा व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने एक व्यापारी के साथ भी मारपीट की घटना का विरोध किया .विदिशा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मुन्नालाल जैन पूर्व अध्यक्ष राजेश जैन शमशाबाद व्यापार महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप महेश्वरी ने बताया कि शमशाबाद थाना प्रभारी और पुलिसकर्मियों द्वारा व्यापारी साथी बालाराम साहू को थाने बुलाया और उनके साथ मारपीट की गई उन्होंने कहा कि इस दौरान चार-पांच पुलिसकर्मियों द्वारा उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी उन्होंने कहा कि पुलिस व्यापारी और जनता की सुरक्षा के लिए होती ह." लेकिन जिस प्रकार से पुलिस द्वारा एक व्यापारी के साथ मारपीट की गई है बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है.

### थाना प्रभारी और पुलिस कर्मियों पर हो कार्यवाही

व्यापारियों ने कहा कि कहा कि अगर थाना प्रभारी और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापार महासंघ द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा. जब तक उन्हें हटाया नहीं जाएगा तब तक हड़ताल पर बैठे रहेंगे. उन्होंने कहा कि व्यापारी के ऊपर आरोप लगाया जा रहा है कि वह लोगों गिरवी रखे हुए आभूषण और चार पहिया वाहन किराया नहीं दे रहे हैं उन्होंने कहा कि इस मामले की पूरी जांच की जाए और जो भी दोषी है उसे पर कार्रवाई की जाए. इस दौरान व्यापारी बालाराम साहू का कहना था कि उन्होंने किसी की भी रकम गिरवी नहीं रखी है और ना ही कोई वाहन किराए से रखा था उन्होंने कहा कि जो वाहन किराए से रखा गया था उसका पैसा दे चुके हैं और उसकी लिखा पड़ी भी की जा चुकी है. उन्होंने कहा कि जो लोग उन पर सोना चांदी के आभूषण गिरवी रखने का आरोप लगा रहे हैं वह गलत है उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों द्वारा उनके साथ मारपीट की गई है. और उनके ऊपर दबाव बनाया जा रहा है उन्होंने इस मामले की जांच करने की बात कही इस दौरान बड़ी संख्या में शमशाबाद व्यापार महासंघ के पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद थे.

# जानवरों की हड्डियों से भरा ट्रक पकड़ा

## ट्रक को थाने में लाकर किया खड़ा

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 24 दिसम्बर, बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी को किसी ने जानकारी दी की एक ट्रक अभी राजेंद्र नगर क्षेत्र से निकला है जिसमें बदबू आ रही है इसमें गायों तथा अन्य जानवरों की हड्डियां भरी हुई है. तुरंत उनके कार्यकर्ता सक्रिय हो गए और इसकी देहात थाने में सूचना दी गई.पुलिस ने ट्रक को पकड़ा और थाने ले गए पूछताछ की गई तो पता लगा की नगर पालिका परिषद द्वारा मृत जानवरों का ठेका दिया गया है और वह हड्डियों को नियमानुसार बाहर भेजता है.**

नगर पालिका अधिकारी को बुलाया गया उनसे पूछताछ की तो उन्होंने कहा यह सही है.नगर पालिका परिषद द्वारा मृत जानवरों का ठेका इसी व्यक्ति को दिया गया है.यह हड्डियां कहां भेजता है या बेचता है इससे हमें कोई लेना देना नहीं है और कोई उपयोग भी नहीं है इसके बाद हड्डियों की जांच हेतु पशु चिकित्सालय के डॉक्टर को भी बुलाया गया उसने भी कहा यह मृत जानवरों की हड्डियां हैं. ड्राइवर अगर साफ बता देता कि नगर पालिका परिषद द्वारा दिए गए ठेका की हड्डियां हैं तो यह भ्रम की स्थिति नहीं बनती. कोई भी नगर पालिका परिषद हो सभी ठेका देते हैं और हड्डियां बाहर जाती हैं यहां उनका कोई उपयोग नहीं है विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के कार्यकर्ता देखकर ड्राइवर हड़बड़ा गया और ठीक से उसने जानकारी नहीं दी इस कारण यह स्थिति बनी.

# हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन, बजरंग दल ने किया पुतला दहन

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार एवं आतंकवादी गतिविधियों के विरोध में आतंकवाद के प्रतीक यूनुस खान सरकार का पुतला दहन मुख्य बस स्टैंड पर किया गया.विहिप जिला सह मंत्री डॉ सरित श्रीवास्तव ने कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहां की बांग्लादेश में दीपू चंद दास की सड़क पर पीट-पीट कर हत्या कर दी एवं उसके शव को पेड़ से लटका कर जला दिया.बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है किए जाएंगे. इस मौके पर शिवा दुबे, अतुल नामदेव, प्रखंड अध्यक्ष अंशुल सिंघई ,आशु दुबे, महेश यादव ,सतीश वाल्मीकि, सुरेश साहू, नितिन वाल्मीकि, नगर अध्यक्ष संजय मालवीय, दर्शन सोनी, सत्यम ठाकुर, सौरभ अहिरवार, अजय कुशवाहा, मनोहर सेन, अन्नू साहू,आशु रैकवार,शुभम रैकवार,विशाल रैकवार,करण बाल्मीकि एवं बजरंग दल के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## एक नजर में

### जय स्तंभ चौक पर जलाया बांग्लादेश का पुतला

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमले तथा हत्या लूटपाट की घटनाएं भी घटित हो रही है इससे बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं. बांग्लादेश के सैनिक भी हिंदुओं की मदद नहीं कर रहे हैं इससे और माहौल खराब हुआ है.विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल तथा भाजपा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे.पुतला जलाने के साथ बांग्लादेश की विरुद्ध युवाओं ने जमकर नारेबाजी की और सरकार से अनुरोध किया की बांग्लादेश की हिंदुओं की रक्षा की जावे.

### ग्राम रोजगार सहायक ने दिया इस्तीफा

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** ग्राम पंचायत सियलपुर के रोजगार सहायक रामपाल प्रजापति ने अपने पद से त्यागपत्र देकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कार्यवाही करने के लिए पत्र सौंपा है. जानकारी के अनुसार इसमें उन्होंने वर्तमान समय में काम की अधिकता एवं अल्प वेतन को इसका कारण बताया है.

### शिविर में 25 हजार राजस्व की हुई वसूली

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** नगर पालिका द्वारा आपकी नगरपालिका आपके द्वार अंतर्गत मंगलवार को वार्ड 12, 13, 14 एवं 15 का शिविर हाई स्कूल प्रांगण में लगाया गया. जिसमें संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं अन्य करों की बकाया राशि जमा कराई गई. जिसमें 25 हजार की राजस्व वसूली हुई. साथ ही उक्त वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया. शिविर के अंतर्गत शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को अवगत कराया गया तथा हितग्राहियों के आवेदनों का निराकरण किया गया. शिविर में 21 आवेदन में से 5 का मौके पर ही निराकरण किया गया.

# राष्ट्रीय एकता शिविर पानीपत के लिए एनएसएस का दल रवाना

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** हरियाणा के पानीपत में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकता शिविर में शामिल होने के लिए बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय का चयनित दल बुधवार को पानीपत हरियाणा के लिए रवाना हुआ. जिसका नेतृत्व उत्कृष्ट विद्यालय गंजबासौदा के कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ओझा दल प्रबंधक कर रहे है.बुधवार को गंजबासौदा में झेलम एक्सप्रेस से स्वयंसेवक आयुषी दांगी, रामनाथ भाटी के साथ रवाना हुआ. दल में नवांकुर विद्यालय से स्वयंसेवक विवेक दांगी, कुमारी भूमि सोनी एवं सैंट एसआरएस विद्यालय से कुणाल चौधरी राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकता शिविर में शामिल हो रहे है. मालूम हो कि राष्ट्रीय एकता शिविर पानीपत हरियाणा 25 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है. यह दल राष्ट्रीय एकता शिविर में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा. एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक अनंत कुमार सक्सेना, राहुल सिंह परिहार और जिला संगठक विदिशा डॉ. पीके जगा, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एक सी शर्मा, नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य शैलेन्द्र दीक्षित, सैण्ट एसआरएस के डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने शुभकामनाओं दी.

# ग्रामीणों ने मामले की जांच करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा ,** बुधवार को लटेरी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम अलीगढ़ कोटरा निवासी ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे और एसपी रोहित केशवानी को आवेदन देकर मामले की जांच करने की मांग की है इस दौरान ग्रामीणों का कहना था कि हमारे दो गांव के दो युवकों पर एससी एसटी एक्ट का मामला दर्ज कराया गया है इस मामले की जांच की जाए. लटेरी तहसील के ग्राम अलीगढ़ कोटड़ा निवासी ग्रामीण विनय सिंह मालम सिंह गुलाब सिंह भूरा सिंह जगन्नाथ गुर्जर ने बताया कि गांव के बुंदेल अहिरवार वीरू अहिरवार द्वारा गांव के गांव के लोगों को झूठे केस फंसा कर परेशान किया जा रहा है उन्होंने कहा कि वह लोग पहले भी कई लोगों को झूठे मामले में फंसा चुके हैं उन्होंने कहा कि गोविंद गुर्जर और गब्बर सिंह गुर्जर पर बंडल अहिरवार और वीरू अहिरवार द्वारा हरिजन एक्ट का मामला दर्ज लटेरी थाने में कराया गया है उन्होंने कहा कि जिस दिन विवाद उन्होंने कहा कि जिस दिन विवाद होने की बात बताई जा रही है उसे दिन यह दोनों मौके पर मौजूद नहीं थे.उन्होंने कहा कि मामले की जब गंभीरता से जांच कराई जाए और दोनों लोगों पर झूठे मुकदमे दर्ज करने पर कार्रवाई की जाए.



# बासौदा नागरिक सहकारी बैंक ने मनाया सुशासन सप्ताह

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ने सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर 2025 का आयोजन रखा गया.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त सहकारिता ध्रुव कुमार झारिया एवं विशेष अतिथि नागरिक सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष अनिल ओसवाल, विश्व हिंदू परिषद भाजपा कार्यकारिणी प्रदेश सदस्य राजेश तिवारी थे. बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी परवेज फजलानी द्वारा सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर पर भारत सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से संचालित होने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी. इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन नागरिकों तक पहुंचे.सबका साथ सबका विकास एवं अंत्योदय अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे.इस अवसर पर अन्य बैंकों के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे सभी का आभार प्रभारी लेखपाल शिरीष जालोरी ने माना.

# विधायक निधि से नौलास में बनेगा सब-स्टेशन



## विधायक शिविर में किया समस्याओं का निराकरण

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नौलाश में सुशासन सफ्ताह के अंतर्गत शिविर लगाया गया जिसमें विधायक मुकेश टंडन की अध्यक्षता में प्रशासन की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याओं से रुबरु हुए.प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत ग्राम नौलास में आयोजित शिविर हितग्राहियों की समस्याओं को सुनकर हितग्राहियों को हित लाभ वितरण किए एवं इस दौरान आवेदन कर्ता काशीराम रैकवार द्वारा जोकि एक पैर से विकलांग होने साथ ही बहुत गरीब है जिसका विवाह भी नहीं हुआ है जो गैस सिलेंडर खरीदने में असमर्थ है विधायक मुकेश टंडन ने तुरंत विधायक निधि से 6 हज़ार रुपए की राशि स्वीकृत की. स्कूल की दो छात्राओं को शिवानी लोधी और लक्ष्मी लोधी को साइकिल की स्वीकृति कराई ग्रामीणों की मांग पर नौलाश में सब स्टेशन के लिए भी विधायक द्वारा प्रस्ताव तुरंत भेजा गया, 4 से 5 आवेदक गरीबी रेखा के परमिट हेतु आवेदन लेकर आए मौके पर तहसीलदार राशन कार्ड बनवाने के लिए निर्देश दिए. इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी,जनपद अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी,रामेश्वर किरार,जनपद सदस्य सचिन यादव,सरपंच प्रकाश गुर्जर, संजय लोधी, ओमप्रकाश घावरी एवं समस्याओं के निराकरण के लिए उपस्थित एसडीएम शशि मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेंद्र जैन,तहसीलदार पलक पीडीहा, एसएडीओ रूपेश बघेल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपयंत्री परमीत राठौर,विद्युत विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे.

### लश्करपुर में भी लगा शिविर

इसी तरह ग्राम लश्करपुर में सुशासन शिविर का आयोजन किया गया. विधायक मुकेश टंडन , जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी समेत जनप्रतिनिध और अधिकारी मौजूद रहे. शिविर के दौरान छात्र, महिलाएं, बुजुर्ग एवं आम नागरिक अपनी जन समस्या को लेकर विधायक के समक्ष प्रस्तुत हुए विधायक जी द्वारा विभागों के पदाधिकारीयों के माध्यम से जन समस्या का निराकरण करवाया गया. कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा शिविर आयोजित कर आम नागरिकों के आवेदन संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया. सभी विभागों का समन्वय जनपद पंचायत विदिशा सीईओ द्वारा किया गया। सुशासन शिविर के सफल आयोजन पर नीलम हेमंत राजपूत द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया.

# पुण्यतिथि पर माधव उद्यान में रौपे पौधे

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** राजस्थान भंडार के संचालक रामू राम के स्वर्गीय पिताजी पदमाराम की पुण्यतिथि एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जयंती के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा ने चौधरी चरण सिंह को नमन किया एवं पदमाराम को श्रद्धांजलि अर्पित की.कार्यक्रम में बीएस चौहान ने चौधरी चरण सिंह की जयंती का इतिहास से अवगत कराया. राजकुमार सराफ द्वारा चौधरी चरण सिंह जी को किसानों का मसीहा कह कर संबोधित किया एवं रामूराम जाट के कार्यक्रम के मौके पर माधव उद्यान में पौधा रोपण किया गया वहीं सुरक्षा के लिए नाम सहित ट्री गार्ड लगाए गए. कार्यक्रम में रणवीर सिंह जाट , बीएस चौहान, लाखन सिंह जाट, राजकुमार जाट, जितेन जैन , राम शर्मा , जसवंत सिंह सिरोही, शाश्वत शर्मा, रवि साहू, अजय साहू , देशराज पचौरी समेत अनेक लोग मौजूद थे.



# कीर्तन दरबार से भक्ति रस में डूबेगी विदिशा की संगत

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** दिल्ली से आए राजेंद्र सिंह गुरमीत सिंह ,चरण सिंह, गुरु की महिमा का जसगान ते वारतेगा गुरु का टूट लंगर.श्री गुरु गोविंद सिंह के साहिबजदो माता गुजरी एवं पूरे परिवार द्वारा धर्म की रक्षा हेतु दी गई सर्वोच्च शहादत को नमन करते हुए विशेष कीर्तन दरबार गुरुद्वारा साहिब विदिशा में सजाया जाएगा. श्री गुरु नानक गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरेंद्र चावला ने बताया गुरूवार की सुबह 9 से 10 बजे तक कीर्तन दरबार सजेगा. जिसके बाद 10. 30 बजे से श्रीअखंड पाठ साहिब प्रारंभ के उपरांत. अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से साहिबजादो की शहादत की याद में श्री गुरुद्वारा साहब में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है 26 दिसबंर को मध्य में श्री निशान साहब जी का चोला परिवर्तन 27 तारीख को श्री अखंड पाठ साहब की समाप्ति उपरांत पुन: कीर्तन दरबार सजेगा. 21से27 दिसंबर के बीच श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पूरे परिवार ने धर्म की रक्षा हेतु अपनी सर्वोच्च शहादत दी थी. गुरु नानक गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महामंत्री कमलजीत सिंह उपाध्यक्ष, सचिन अरोरा , महिला सत्संग प्रमुख एकता अरोरा, आशा चावला, विवेक अरोड़ा, हरिश अरोरा, हरजिंदर सिंह, राजू अजमानी, कपिल कुमार ने बताया 27 तारीख को ही गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व भी है 27 तारीख को प्रकाश पर्व के उपलक्ष में अखंड पाठ समापन उपरांत अटूट लंगर बरतेगा इन सभी कार्यक्रमों में भाग लेकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करें.

## भारतीय किसान संघ की बैठक आज

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** भारतीय किसान संघ, जिला विदिशा की मासिक बैठक 25 दिसंबर गुरुवार को नवीन कृषि उपज मंडी, मिर्जापुर में आयोजित की जा रही है.बैठक का समय दोपहर 1 बजे से निर्धारित है.इस बैठक में प्रांत एवं संभाग स्तर के पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी के समस्त सदस्य तथा जिले की सभी तहसीलों के तहसील अध्यक्ष एवं मंत्री उपस्थित रहेंगे.बैठक में प्रांत संगठन मंत्री भरत टेल एवं प्रांत प्रचार-प्रसार प्रमुख तथा विदिशा जिला प्रभारी राहुल धूत का मार्गदर्शन प्राप्त होगा. उक्त जानकारी दीपक शर्मा जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख ने दी.



## भगवत नाम सुमिरन, स्मरण का महत्व- रवि कृष्ण

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** मंगलवार को कलश यात्रा के बाद परिणय गार्डन कथा स्थल में कथा व्यास रविकृष्ण शास्त्री ने शुरुआत में भगवन कीर्तन, भगवत नाम सुमिरन, स्मरण का महत्व रेखांकित किया. कथा वाचक ने भगवत कथा के मुख्य सूत्रों पर चर्चा की प्रमुख 6 सूत्र यह है. परम धर्म,सबसे बड़े देवता, अवतार कितने है, वेदों में भगवान को अजन्मा कहा गया है तो भगवान ने जन्म क्यो लिया, वक्ता कोन श्रेष्ठ है, धर्म किसकी शरण मे जाता. इन प्रश्नों के समाधान पूर्ण उत्तर कथा में दिये गये. कथा में मनोज कटारे, गोवर्धन राजोरिया, संतोष नामदेव, मनमोहन बंसल,प्रवीण शर्मा, भरत लड्डा,अतुल तिवारी आदि उपस्थित थे. इसके अलावा भी कथा में प्रतापभानु शर्मा, शशांक भार्गव, श्याम सुंदर शर्मा, तोरण सिंह दांगी, अंशुज शर्मा, राधेश्याम तिवार, विष्णुप्रताप दांगी,नरेंद शर्मा, आदि मौजूद रहे.

**लापरवाही** | **देश की पहली 'सोलर सिटी' कहलाने वाली सांची में सौर परियोजनाएं नाकाम, जिम्मेदारों की लापरवाही उजागर**

# सौर ऊर्जा की लाइटें बंद, प्याऊ बदहाल, करोड़ों खर्च के बाद भी अंधेरे में सांची

**नवभारत न्यूज**
**सांची,नगर को सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भर बनाने और बिजली की बचत के उद्देश्य से जिस सांची को देश की पहली सोलर सिटी का दर्जा मिला था, वही सपना आज पूरी तरह धराशायी नजर आ रहा है. सौर ऊर्जा के नाम पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद नगर आज भी अंधेरे और अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है.**



जानकारी के अनुसार, सौर ऊर्जा के प्रचार-प्रसार के तहत आनन-फानन में नगर भर में खंभे गाड़कर सोलर लाइटें लगाई गईं. प्रारंभिक समय में क्षेत्र में रोशनी भी दिखाई दी, लेकिन कुछ ही समय बाद इन योजनाओं की कलई खुलने लगी. नगर में लगाए गए कई सोलर खंभे गायब हो चुके हैं, वहीं सोलर प्लेटें टूट-फूटकर तहसनहस अवस्था में पहुंच गई हैं.नगर के प्रमुख चौराहों पर लगाई गई हाईमास्ट सोलर लाइटें भी केवल नुमाइश बनकर रह गई हैं। रखरखाव के अभाव में ये लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे नगर एक बार फिर अंधेरे की गिरफ्त में चला गया.नतीजतन बिजली पर निर्भरता बढ़ी और बिजली की आंख-मिचौली ने आमजन की परेशानी और बढ़ा दी है. सड़कों के किनारे पड़े ध्वस्त सोलर खंभे और प्लेटें आज भी अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रहे हैं.यही स्थिति नगर में सौर ऊर्जा से संचालित प्याऊ की भी है, जिन पर लाखों रुपये खर्च होने का दावा किया गया था.इन प्याऊ से गर्मी के मौसम में भी गर्म पानी निकलता रहा, जिससे लोगों को राहत के बजाय परेशानी उठानी पड़ी.हैरानी की बात यह है कि निर्माण के बाद से आज तक इन प्याऊ की नियमित सफाई तक नहीं कराई गई. अनदेखी के चलते अब इन पर घास और कचरा जमा हो चुका है.नगरवासियों में इस स्थिति को लेकर खासा आक्रोश है। सौर ऊर्जा के नाम पर हुई भारी भरकम राशि की बर्बादी पर सवाल खड़े हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और संबंधित एजेंसियां अब तक जवाबदेही से बचती नजर आ रही हैं.

### क्या कहते हैं एसडीएम

इस संबंध में एसडीएम रायसेन मनीष शर्मा ने कहा कि आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है. शीघ्र ही निरीक्षण कर संबंधित लोगों से चर्चा कर आवश्यक व्यवस्था कराई जाएगी.

# आनंदपुर में आज होगा जिले का दूसरा ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**
**आनंदपुर,** गुरुवार को आनंदपुर नगर में जिले के इतिहास में दूसरी बार सकल हिन्दू समाज के तत्वाधान में एक भव्य एवं ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. इस सम्मेलन को लेकर आनंदपुर नगर सहित पूरे जिले में उत्साह और धार्मिक चेतना का वातावरण बना हुआ है. आयोजकों द्वारा इस सम्मेलन में 8000 से अधिक हिंदू समाज के लोगों को एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है.इस हिंदू सम्मेलन का आयोजन ऐतिहासिक मंडी ग्राउंड, आनंदपुर में किया जा रहा है। कार्यक्रम में परम पूज्य 1008 महंत श्री पहाड़ी बाबा महाराज एवं पंचमढ़ी आश्रम के श्री सत्यानारायण गिरी महाराज सहित अनेकों संतो की पावन उपस्थिति रहेगी. संत-महात्माओं के सान्निध्य में आयोजित यह सम्मेलन हिंदू समाज के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण अवसर माना जा रहा है. सम्मेलन के साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया है.हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, आपसी एकता को मजबूत करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना तथा सनातन धर्म, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है.सम्मेलन में साधु-संतों, धर्माचार्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रबुद्ध नागरिकों, युवाओं एवं मातृशक्ति की बड़ी भागीदारी रहने की संभावना है. कार्यक्रम के दौरान धर्म, संस्कार, सेवा, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर संतों एवं वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा.सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी हिंदू संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। हिंदू समाज के परिवारों के बीच पीले चावल वितरित कर पारंपरिक तरीके से सम्मेलन का आमंत्रण दिया गया। इस अभियान से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक उत्साह देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में लोगों ने सम्मेलन में शामिल होने की सहमति दी.आयोजन को लेकर व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं. कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा.